तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 11 मई 2026

10 सुशासन तिहार शिविर लाया खुशियों का संदेश ...

10 अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रघुवंशी कोंडागांव...




हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
11 मई 2026
कूपन नं.
1

# 1192 विद्यार्थियों ने दी प्रयास आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शासन की मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को संवारने के उद्देश्य से प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा रविवार को सफलता संपन्न हुई। बस्तर जिले में इस परीक्षा के लिए जगदलपुर स्थित निर्मल विद्यालय को प्रमुख केंद्र बनाया गया था, परीक्षार्थियों के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे। इस विशेष पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, क्लैट और एनडीए जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। परीक्षा की गरिमा और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय रहा। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर मनीष वर्मा एवं आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त गणेश राम सोरी ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का सघन भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और शांतिपूर्ण संचालन सुनिश्चित कराया। बस्तर जिले में इस परीक्षा के प्रति छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखा गया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, परीक्षा के लिए 1455 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1192 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 263 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए ▶▶ शेष पेज 10 पर

## पारदर्शिता बनाए रखने के लिए की गई व्यवस्था




### निगरानी में हुई परीक्षा

विभाग द्वारा अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए एक मई से ही प्रवेश पत्र ऑनलाइन उपलब्ध करा दिए गए थे और तकनीकी सहायता के लिए सहायक आयुक्त कार्यालय को भी मुस्तैद रखा गया था। प्रशासन की सुव्यवस्थित योजना और वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है, जो बस्तर के मेधावी बच्चों को शैक्षणिक सफलता के राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

## खबर संक्षेप

### टमाटर हुआ और लाल भाव पहुंचा 40 रुपए किलो



**जगदलपुर।** बस्तर में हरी सब्जियों के दाम भी तेजी से बढ़ रहे हैं, खासकर टमाटर इस मौसम के फलों के राजा आम से भी ज्यादा महंगा और बाजार में खास हो गया है। सब्जी बाजार में आम जनता से लेकर खास लोगों की रसोई पर कब्जा रखने वाला टमाटर इन दिनों गरीबों की थाली से गायब हो गया है। टमाटर के दाम दोगुने हो गए हैं और प्रति किलो 40 रुपये तक पहुंच गया है, इधर सब्जी व्यापारी टमाटर के दाम बढ़ने की वजह भीषण गर्मी में आवक कम होना बता रहे हैं। बताया जा रहा है कि मांग के हिसाब से आपूर्ति में कमी होने के चलते इसके दाम में काफी बढ़ोतरी देखी जा रही है। जिस तरह से इसकी आवक में कमी देखी जा रही है। उसके अनुसार आने वाले दिनों में इसके दाम और बढ़ सकते हैं और उसके बाद मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों के रसोई से टमाटर पूरी तरह से गायब ही होने वाला है। बाजार में इस रविवार को टमाटर 40, तरबूज 60, परवल 40, करेला 40, पत्तागोभी 20, फूलगोभी 40, बरबट्टी 40, भट्टा 50, कुंदरू 40, आलू 20, प्याज 30, गंवरफल्ली 30, सेम 60 रुपए प्रतिकिलो की दर में बिक रहा है। साथ ही लालभाजी, पालकभाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिकी रही है।

### सुशासन शिविर में बिहान समूह की दीदियों ने लगाए व्यंजनों के स्टॉल

**बस्तर।** सुशासन तिहार के तहत आयोजित शिविर में बिहान समूह की दीदियों ने विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाकर विक्रय किया। कलेक्टर आकाश छिकारा ने शिविर का निरीक्षण कर स्टॉलों का जायजा लिया। कलेक्टर ने बिहान दीदियों से चर्चा कर उनके उत्पादों व विक्रय की जानकारी ली। उन्होंने समूह की महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल से दीदियों को आय का साधन मिला है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में स्व-सहायता समूहों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाए, ताकि ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके।

## आवारा श्वानों के बधियाकरण एवं टीकाकरण के लिए एबीसी सेंटर : पाण्डेय

# महापौर ने की श्वान की पूजा करके शहर में एबीसी सेंटर की शुरुवात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नगर निगम ने शहर को श्वान जनित समस्याओं से मुक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए महाराणा प्रताप वार्ड के एसएलआरएम डोंगरी सेंटर के पास एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर का शुभारंभ किया।

- नगर निगम की अलग-अलग कमेटियां बनाकर सभी की जिम्मेदारियां की तय

श्वानों के संबंध में लगातार आ रही शिकायतों को महापौर संजय पांडेय ने संज्ञान में लेकर पशु प्रेमी से सहयोग लिया तथा पशु विभाग, नगर निगम की अलग-अलग कमेटियां बनाकर सभी की जिम्मेदारियां तय की। बधियाकरण कार्य संचालन हेतु नियुक्त स्नेह एनीमल वेलफेयर सोसायटी के कार्यों में सहयोग तथा निगरानी करेगी। शहर के पशु प्रेमी संस्था स्ट्रे सेफ फाउन्डेशन के लुप्तेश जगत, मानसी गुप्ता, पूजा सिंह, अभिषेक मिश्रा, रुपाली परोई एवं उनकी टीम का सहयोग मिल रहा है। लुप्तेश जगत को निगरानी समिति के सदस्य में शामिल किया गया है जिससे श्वानों को पकड़ने के कार्य में उन्हे नुकसान न पहुंचे तथा उनकी देखभाल में कमी न हो।

धरमपुरा के अलग-अलग क्षेत्र से पकड़े गए 22 आवारा श्वानों को एबीसी सेंटर में स्नेह एनीमल वेलफेयर सोसायटी के डॉ. विवेक सांगवान, डॉ. विनीत यादव एवं टीम द्वारा प्री-केयर केनल में रखा गया है। इन श्वानों का बधियाकरण, डी-वार्मिंग तथा रेबीज टीकाकरण किया जाएगा। इसके पश्चात तीन दिन तक पोस्ट केयर में रखकर सेवा की जायेगी तथा पूर्ण स्वास्थ्य लाभ दिलाने ▶▶ शेष पेज 10 पर




### निगरानी समिति में ये शामिल

निगरानी समिति में नोडल अधिकारी गोपाल भारद्वाज कार्यपालन अभियंता, सहायक नोडल अधिकारी हेमन्त श्रीवास स्वास्थ्य अधिकारी, सदस्य डॉ. गीतिका ध्रुव पशु चिकित्सक सहायक शल्यज्ञ, अजय बनिक स्वच्छता निरिक्षक, लुप्तेश जगत स्ट्रे सेफ फाउन्डेशन है।

### टोल फ्री नंबर में कर सकते हैं कॉल

नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने वार्डों में आवारा श्वानों की जानकारी निदान के टोल फ्री नंबर 1100, स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत श्रीवास 9425266016 एवं लुप्तेश जगत 9770102327 के मोबाइल नंबर पर दे सकते है । जिससे श्वानों का वैज्ञानिक एवं सुरक्षित तरीके से बधियाकरण कर शहर में सुरक्षित वातावरण बनाया जा सके।

### शहरवासियों से अपील

एबीसी अभियान शहर में आवारा श्वानों की संख्या को नियंत्रित करने के साथ-साथ रेबीज जैसी बीमारियों की रोकथाम में सहायक सिद्ध होगा। इसमें आमजन का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। शहरवासियों से अपील करता हूं कि वे इस अभियान में सहयोग करें ।

संजय पाण्डेय
महापौर

# आंगनबाड़ियों में तितली की उड़ान से खिली मुस्कान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नन्हे हाथों में रंगीन कागज, आंखों में भविष्य के सपने और चेहरे पर मासूम मुस्कान आंगनबाड़ी केंद्रों में जब 'तितली' संस्था के साथ खुशियों ने दस्तक दी तो गर्मी की तपिश भी उत्साह के आगे फीकी पड़ गई। इस पूरे सप्ताह शिविर में आयोजित रंग-बिरंगी और आनंदमयी गतिविधियों ने न केवल बच्चों का मनोरंजन किया, बल्कि उन्हें सीखने के नए अवसर भी प्रदान किए। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों और अभिभावकों के साझा प्रयास से हुई। दोनों ने मिलकर रचनात्मक टेंट बनाए और उन्हें सुंदर चित्रों व कलाकृतियों से सजाया। शिविर के दौरान नन्हे बच्चों ने डॉक्टर और शिक्षक के किरदारों का अभिनय किया। जिससे उनकी कल्पनाशक्ति को एक नया विस्तार मिला और उनमें आत्मविश्वास का संचार हुआ। मनोरंजन के दौर को आगे बढ़ाते हुए बच्चों ने बलून गेम्स में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, लेकिन सबसे ▶▶ शेष पेज 10 पर

- ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों ने रचे खुशियों के नए रंग

### सामाजिक और भावनात्मक पहलू भी

खेल और मस्ती के साथ-साथ इस शिविर का एक गहरा सामाजिक और भावनात्मक पहलू भी था। गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को गर्मी की छुट्टियों की सार्थकता समझाने के साथ ही परिवार के साथ बिताए जाने वाले खुशनुमा पलों और विशेषकर दादा-दादी व नाना-नीनी के साथ जुड़ाव का महत्व सिखाया गया। बच्चों के असीम उत्साह और उनकी मासूम मुस्कान ने इस पूरे आयोजन को एक यादगार अनुभव में तब्दील कर दिया जो लंबे समय तक उनके मानस पटल पर अंकित रहेगा।

# ई-रिक्शा खराब, कचरा लेकर खींच रही महिला कर्मचारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहर के नगर निगम में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने के लिए ई-रिक्शा एसएलआरएम सेंटर को दिया गया था, जो कई महीनों से खराब होने से कबाड़ हो गए हैं। इससे महिला कर्मचारियों को घर-घर से कचरा ढोने के लिए भारी शारीरिक श्रम ▶▶ शेष पेज 10 पर

### कर्मियों को 10 दिनों में देंगे हाथ रिक्शा

निगम के एमआईसी स्वच्छता सभापति लक्ष्मण झा ने इस संबंध में बताया कि एसएलआरएम सेंटर के 10 ई-रिक्शा खराब हो गए, जिसकी मरम्मत नहीं हो पा रही है। इसके चलते घर-घर से कचरा इकट्ठा करने वाले महिला कर्मचारियों को लगभग 10 दिनों में हाथ रिक्शा दिया जाएगा।

# 15 एकड़ परिसर में बनेगा एकलव्य स्कूल का भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

एकलव्य मॉडल रेजीडेंसी स्कूल तोकापाल के भवन का ग्राम पंचायत तुमपानी में भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन सांसद महेश कश्यप तथा विधायक विनायक गोयल ने किया। ट्राईवल विभाग के एसी गणेश राम सोरी ने बताया कि एकलव्य भवन में दो छात्रावास, टीचर रूम, खेल मैदान, विज्ञान लैब एक केम्पस में रहेगा। पूरा परिसर 15 एकड़ में स्थापित होगा। विधायक ने कहा कि एकलव्य स्कूल तुमपानी में खुलने से आदिवासी बच्चों को पढ़ाई में सुविधा होगी। इस मौके पर पटवारी निशा कश्यप, मण्डल संयोजक गिरधर कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, कामदेव बघेल, पद्मनी कश्यप, अनिल मंडावी जनपद सदस्य, रामबत्ती भंडारी अध्यक्ष जनपद पंचायत तोकापाल, रितेश दास जोशी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत तोकापाल उपस्थित रहे। सासंद ने कहा बस्तर के विकास को नई ऊंचाई तक ले जाने में सरकार वचन ▶▶ शेष पेज 10 पर

- तुमपानी में एकलव्य मॉडल रेजीडेंसी स्कूल का भूमिपूजन



# शिवालयों में शिव तांडव नृत्य आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष कार्यक्रम अनुसार जिला बस्तर अंतर्गत 10 प्रमुख ऐतिहासिक, पुरातात्विक शिवालयों में 7 से 11 मई तक विभिन्नि सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यकम आयोजित किये जा रहे है। सोमनाथ महापर्व कार्यक्रम के अंतर्गत शिवालयों की फूलों से सजावट मंदिर परिसर में रंगोली महिलाओं की पारंपरिक वेशभूषाओं में कलश यात्रा, शिव तांडव नृत्य, भजन कीर्तन एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही है।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व कार्यक्रम का मुख्य आयोजन 11 मई को प्रातः 9 बजे से बस्तर स्थित महादेव मंदिर में समाज के सभी वर्गो के श्रद्धालुओं की भागीदारी से मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथिगण की उपस्थिति में होगा। शिव आरती, भजन कीर्तन एवं युवाओं की सहभागिता से सोमनाथ संवाद सेमिनार के साथ भारत सरकार संस्कृति विभाग द्वारा ऑनलाइन प्रस्तुतिकरण एल.ई.डी. प्रोजेक्टर के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसका उद्देश्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ लोगो में सनातन आस्था और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देना है।

- सोमनाथ संवाद सेमिनार का एल.ई.डी. प्रोजेक्टर से होगा प्रसारण

## बस्तर मुस्लिम डेव्हलपमेंट सोसायटी का आयोजन

# वर-वधू के परिवारों को आर्थिक बोझ से मुक्ति, 7 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

सामूहिक विवाह न केवल वर-वधू के परिवारों को आर्थिक बोझ से मुक्त करते हैं, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे को भी बढ़ावा देते हैं। बस्तर संभाग में इस तरह के आयोजनों के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बेटे-बेटियों के हाथ पीले करने में बड़ी सामाजिक मदद मिलती है। इस तरह के सामाजिक आयोजनों के माध्यम से समाज को सादगी और एकता का एक मजबूत संदेश दिया जा रहा है।

उक्त बातें बस्तर मुस्लिम डेव्हलपमेंट सोसायटी द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अतिथियों ने कही। इसमें सोसायटी के नबी मोहम्मद, नवाजुददीन, शकील, जनप्रतिनिधि जतीन जायसवाल, सुशील मौर्य, अनवर खान, ▶▶ शेष पेज 10 पर



### अब तक 100 जोड़ों का किया सामूहिक विवाह

सोसायटी के सदर नबी मोहम्मद ने बताया कि सामाजिक कार्यक्रम वर्ष 2008 से सम्पादन किया जा रहा है, जिसमें अब तक 100 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न किया जा चुका हैं। इस वर्ष 7 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न किया गया हैं। इस कार्यक्रम में मुस्लिम समाज की महिलाओं एवं युवाओं का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। इस सामाजिक कार्यक्रम के लिए शासन, प्रशासन से कोई अनुदान राशि प्राप्त नहीं हुआ हैं।



## खबर संक्षेप

### भानुप्रतापपुर में श्रद्धा व उत्साह से मनाई महाराणा प्रताप जयंती

**भानुप्रतापपुर।** नगर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने 9 मई को एकत्रित होकर महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की तथा उनके आदर्शों को स्मरण किया। कार्यक्रम में देशभक्ति और सामाजिक एकता का वातावरण देखने को मिला।
आयोजित जयंती समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने अपने अदम्य साहस और वीरता से इतिहास में अमिट पहचान बनाई, जो आज भी युवाओं को राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यनिष्ठा के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने महाराणा प्रताप के बताए मार्ग पर चलने और समाज में एकता एवं भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया। समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल राठौर, लक्ष्मीकांत ठाकुर, नरेंद्र ठाकुर, नरोत्तम सिंह चौहान, मार्तण्ड सिंह ठाकुर, अविनाश ठाकुर, अजय राठौर, योगेंद्र परिहार, संतोष राठौर, शिशिर पवार, हिमांशु ठाकुर, कनिष्का राजपूत एवं नागेंद्र सिंह सहित समाज के वरिष्ठजन, युवा एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### महिला रक्षा टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

**कांकेर।** महिला रक्षा टीम द्वारा नगर सेना कार्यालय एवं मुरडोंगरी में जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं, छात्राओं एवं आमजन को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी, नशे के दुष्प्रभाव एवं यातायात नियमों के संबंध में जानकारी दी गई। अभियान के दौरान गुड टच-बैड टच, बाल विवाह, पाक्सो एक्ट तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर भी जागरूक किया गया।

# सुशासन तिहार शिविर लाया खुशियों का संदेश, सोमारू व जयसिंह को मिली पक्के घर की चाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं अब ग्रामीण क्षेत्रें में जरूरतमंद परिवारों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही हैं। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को पक्के घर की सौगात मिल रही है। इसी कड़ी में विकासखंड केशकाल अंतर्गत ग्राम बदवर में आयोजित जिला स्तरीय सुशासन तिहार शिविर में कई परिवारों के चेहरे पर खुशियां देखने को मिलीं।
ग्राम बदवर में आयोजित सुशासन तिहार शिविर एवं बस्तर मुन्ने अभियान के तहत ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पूर्ण हो चुके आवासों की चाबी पांच हितग्राहियों को सौंपी गई। वर्षों से कच्चे और झोपड़ीनुमा मकानों में जीवन व्यतीत कर रहे परिवारों के लिए यह अवसर किसी सपने के सच होने जैसा रहा।
हितग्राही सोमारू नेताम ने पक्का घर मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि पहले उनका परिवार कच्चे मकान में रहता था, जहां हर बरसात में भारी परेशानी होती थी। छत से पानी टपकता था और कमजोर दीवारों के कारण परिवार हमेशा चिंता में रहता था।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब परिवारों का सपना हुआ साकार

### परिवार के लिए बड़ी राहत

उन्होंने कहा कि अब पक्का मकान मिलने से उनका परिवार सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकेगा। इसी प्रकार हितग्राही श्री जयसिंह नेताम ने बताया कि उनका परिवार लंबे समय से झोपड़ीनुमा आश्रय में रह रहा था। बारिश के दिनों में घर के अंदर पानी भर जाता था और परिवार को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिला नया पक्का घर उनके परिवार के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। नए मकान ने उनके जीवन में सुरक्षा, आत्मविश्वास और सम्मान की भावना को मजबूत किया है।



### ग्रामीण जीवन में बदलाव ला रही जनकल्याणकारी योजनाएं

प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जिले में लगातार गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शासन की यह पहल न केवल लोगों को सुरक्षित आश्रय दे रही है, बल्कि उनके जीवन स्तर को भी बेहतर बना रही है। सुशासन तिहार शिविर में मिली आवास की चाबी ने कई परिवारों के जीवन में नई उम्मीद और खुशियों का नया द्वार खोल दिया।

## हजारों किलोमीटर की सड़क यात्रा कर आए, बस्तर की मिट्टी, खेती और किसानों से जुड़ने की नई शुरुआत

# अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रघुवंशी कोंडागांव पहुंचे, कहा- गांव व खेती के लिए करेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

देश के लिए 35 से अधिक अंतरराष्ट्रीय हॉकी मुकाबले खेल चुके खिलाड़ी अनुराग रघुवंशी हजारों किलोमीटर की लंबी सड़क यात्रा तय कर अपने युवा साथियों के साथ शहर स्थित 'मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म' पहुंचे। उन्होंने खेती, जैविक कृषि और ग्रामीण विकास को करीब से समझा। उनका यह दौरा केवल एक औपचारिक मुलाकात नहीं बल्कि गांव, खेती और किसानों के प्रति उनके गहरे लगाव का प्रतीक बनकर सामने आया।
दौरे का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि अनुराग रघुवंशी और उनके कई साथियों ने औपचारिक रूप से 'मां दंतेश्वरी हर्बल समूह' की सदस्यता ग्रहण की। लंबे समय से बस्तर में जैविक खेती, औषधीय पौधों और किसानों के प्रशिक्षण पर कार्य कर रहे इस समूह से एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी का जुड़ना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। श्री रघुवंशी ने कहा कि हॉकी ने उन्हें पहचान और दुनिया देखने का अवसर दिया, लेकिन अब उनका मन अपनी जड़ों की ओर लौटने का है। विदेश में करियर बना सकता था, लेकिन अब गांव लौटकर खेती और किसानों के लिए काम करना चाहता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि वे नई पीढ़ी के हॉकी खिलाड़ियों को तैयार करने के साथ–साथ किसानों को टिकाऊ और लाभकारी खेती से जोड़ने का प्रयास करेंगे।



### बस्तर की काली मिर्च और हर्बल खेती ने किया प्रभावित

फार्म भ्रमण के दौरान समूह के निदेशक अनुराग कुमार, समूह प्रमुख दशमती नेताम और शंकर नाग ने उन्हें विभिन्न कृषि परियोजनाओं की जानकारी दी। खिलाड़ी दल ने खेतों में जाकर औषधीय एवं व्यावसायिक फसलों को नजदीक से देखा। इस दौरान उन्हें बस्तर की प्रसिद्ध उच्च उत्पादकता वाली काली मिर्च मां दंतेश्वरी ब्लैक पेपर–16 के बारे में बताया गया, जो सामान्य प्रजातियों की तुलना में अधिक उत्पादन देती है। साथ ही उन्हें प्राकृतिक स्टीविया पत्ती के बारे में जानकारी दी गई, जिसे शक्कर से लगभग 25 गुना अधिक मीठा बताया गया। खिलाड़ी दल ने बस्तर की प्रसिद्ध हर्बल चाय का स्वाद भी लिया और उसकी गुणवत्ता एवं सुगंध की सराहना की।

### हॉकी खिलाड़ियों को समान सम्मान देने की उठी मांग

दौरे के दौरान खेल संस्कृति को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई। उपस्थित लोगों ने कहा कि देश में क्रिकेट को अत्यधिक संसाधन और लोकप्रियता मिलने के कारण हॉकी सहित अन्य खेलों के खिलाड़ी अपेक्षित सम्मान और अवसरों से वंचित रह जाते हैं। अनुराग रघुवंशी ने कहा कि भारत की पहचान बनाने वाले हॉकी खिलाड़ियों को भी समान सामाजिक सम्मान, मीडिया स्थान और संस्थागत सहयोग मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलों के बीच संतुलन जरूरी है, ताकि देश की खेल प्रतिभाओं को उचित मंच मिल सके। दौरे के दौरान अनुराग रघुवंशी ने बस्तर के युवा हॉकी खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के लिए सहयोग देने की सहमति भी दी। बताया गया कि आने वाले समय में इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। स्थानीय युवाओं ने भी एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के बस्तर पहुंचकर सीधे संवाद करने और ग्रामीण क्षेत्र में खेल व खेती को जोड़ने की पहल को प्रेरणादायक बताया।

### डॉ. राजाराम त्रिपाठी को भेंट किया स्मृति उपहार

दौरे के अंत में अनुराग रघुवंशी ने आत्मीयता स्वरूप डॉ. राजाराम त्रिपाठी को जैकेट, ट्रैक सूट और टी–शर्ट भेंट की। कार्यक्रम के दौरान औपचारिकता से अधिक आत्मीय संवाद, गांव–खेती की चर्चा और जमीन से जुड़ाव की भावना देखने को मिली। बस्तर की धरती पर खेल, खेती और ग्रामीण विकास का यह संगम अब क्षेत्र में नई संभावनाओं और सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जगाता दिखाई दे रहा है।

# 112 आपातकालीन सेवा शुरू 24 घंटे लोगों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिले में आज से डायल–112 आपातकालीन सेवा का औपचारिक शुभारंभ हो गया है। अब जिले के नागरिकों को पुलिस, चिकित्सा, अग्निशमन या अन्य आपात सेवा के लिए केवल 112 नंबर डायल करना होगा। डायल–112 सेवा सप्ताह के सातों दिन और 24 घंटे संचालित रहेगी। कॉल प्राप्त होते ही आधुनिक कॉल सेंटर के प्रशिक्षित ऑपरेटर तुरंत जानकारी लेकर संबंधित सेवा को सक्रिय करेंगे। इस सेवा में जीपीएस आधारित प्रणाली, कॉल रिकॉर्डिंग, रियल टाइम मॉनिटरिंग और क्विक रिस्पॉन्स टीम की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिससे घटनास्थल पर तेजी से मदद पहुंचाई जा सकेगी। सेवा के सुचारू संचालन के लिए कोंडागांव पुलिस द्वारा कर्मचारियों, कॉल सेंटर ऑपरेटरों, कंट्रोल रूम स्टाफ और क्विक रिस्पॉन्स टीम को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

- अब एक कॉल की दूरी पर मिलेगी मदद

### नागरिकों से सहयोग की अपील

*जिला पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि आपात स्थिति में तुरंत 112 डायल करें और अनावश्यक कॉल कर सेवा बाधित न करें। इस नंबर को अपने मोबाइल में सेव रखने की भी अपील की गई है। कोंडागांव पुलिस ने कहा कि "हर आपात में हम तैयार" के संकल्प के साथ डायल–112 के माध्यम से जिले के हर नागरिक को सुरक्षा की भावना प्रदान की जाएगी।*

### एसपी ने बताया ऐतिहासिक कदम

*पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल ने कहा कि डायल–112 का शुभारंभ नागरिक सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। प्रशिक्षित टीम 10 से 15 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंचने के लक्ष्य के साथ कार्य करेगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों एवं टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि डायल–112 पर आने वाली प्रत्येक कॉल को उच्च प्राथमिकता दी जाए।*

# एलईडी वैन के माध्यम से जनगणना को लेकर किया जा रहा जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आमजन को जनगणना के महत्व से अवगत कराने के लिए एलईडी वैन और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।
राज्य कार्यालय से आई एलईडी वैन और लोक कलाकारों की टीम जिले के विभिन्न क्षेत्रें में पहुंचकर नागरिकों को जनगणना से जुड़ी आवश्यक जानकारी दे रही है। अभियान के दौरान वीडियो, ऑडियो एवं अन्य माध्यमों से जनगणना की प्रक्रिया, उद्देश्य तथा नागरिकों की भागीदारी के महत्व को समझाया गया। रविवार को एलईडी वैन के माध्यम से कोण्डागांव शहरी क्षेत्र के बाजार स्थल, मर्दापाल और बड़े डोंगर में जनगणना को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

- जनगणना 2027 के लिए जिले में जनजागरुकता अभियान

**सही जानकारी देने की अपील** – नागरिकों से अपील की गई कि वे जनगणना अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं, प्रगणकों को सहयोग दें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं। प्रशासन ने बताया कि सटीक आंकड़ों के आधार पर विकास योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# ओबीसी जनगणना कॉलम और 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर आंदोलन की बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर संभाग की महत्वपूर्ण बैठक शहर स्थित कलार समाज भवन में आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ के पांचों संभागों से प्रदेश एवं संभागीय पदाधिकारी शामिल हुए। इसके साथ ही बस्तर संभाग के सभी जिलों से आए जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

- सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की संभागीय बैठक
- प्रदेश के पांचों संभागों के पदाधिकारी हुए शामिल

बैठक में मुख्य रूप से आगामी जनगणना में ओबीसी वर्ग के लिए पृथक कॉलम शामिल किए जाने की मांग को लेकर चर्चा की गई। सामाजिक पदाधिकारियों ने कहा कि जनगणना में ओबीसी कॉलम नहीं रखना पिछड़ा वर्ग की उपेक्षा है और इससे समाज की वास्तविक जनसंख्या एवं सामाजिक स्थिति का सही आंकलन संभव नहीं हो पाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस मांग को लेकर पहले शासन–प्रशासन को आवेदन और निवेदन सौंपा जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर व्यापक आंदोलन और प्रदर्शन भी किया जाएगा। सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आंदोलन के दौरान ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई जाएगी। वक्ताओं ने कहा कि पिछड़ा वर्ग को संविधान सम्मत अधिकार और प्रतिनिधित्व दिलाने के लिए समाज अब संगठित होकर संघर्ष करेगा। बैठक में वक्ताओं ने समाज को संगठित रहने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग की सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं।



### इन पदाधिकारियों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में बस्तर संभाग अध्यक्ष तरुण धाकड़ जगन्नाथ साहू, सरगुजा संभाग से नरेश रजवाड़े, महासमुंद से बसंत सिन्हा, रायपुर से धर्मेंद्र साहू, नीलकंठ शार्दुल, जिलाध्यक्ष गुलाब बघेल, माधेश्वर जैन, रितेश पटेल, गद्दाधर बैध, तुलसी नाग, गणेश यादव, कारिया दीवान, किशोर दीवान, मनोज देवांगन, रैमल दीवान, त्रिनाथ दीवान, अनिल वर्मा, श्रीमती टिकेश्वरी सिन्हा, श्रीमती सरिता यादव सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में दो युवक की मौत की जाँच के बाद अज्ञात वाहन चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना क्षेत्र कांकेर में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का एक दर्दनाक मामला सामने आया है। शादी समारोह से लौट रहे तीन युवकों की स्कूटी को अज्ञात चार पहिया वाहन ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना कांकेर में मर्ग क्रमांक 67/2026 एवं 70/2026 की जांच किया गया। जांच के दौरान पता चला कि मृतक छगन लाल यादव निवासी जवाहर वार्ड और साहिल जैन निवासी खपरापारा कांकेर तथा उनका साथी युवराज सिंह कुमेटी शादी कार्यक्रम में शामिल होकर स्कूटी जुपिटर क्रमांक सीजी 05 एटी 9040 से आतुरगांव से कांकेर लौट रहे थे। बताया गया कि स्कूटी को छगन लाल यादव चला रहा था, बीच में साहिल जैन और पीछे युवराज सिंह कुमेटी बैठे थे। रात्रि करीब डेढ़ बजे पप्पू ढाबा के पास विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात चारपहिया वाहन ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से शासकीय कोमल देव अस्पताल कांकेर लाया गया।

## पेज 9 के शेष

### 1192 विद्यार्थियों ने...

गए। रविवार को आयोजित इस चयन परीक्षा की प्रक्रिया सुबह 9.30 बजे ओएमआर शीट भरने के साथ शुरू हुई, जिसके पश्चात 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मुख्य परीक्षा आयोजित की गई।

### महापौर ने की श्वान...

के बाद उन्हें पुनः उसी स्थान पर छोड़ा जाएगा जहां से उन्हें पकड़ा गया था। आने वाले समय में शहर के विभिन्न वार्डों में चरणबद्ध तरीके से यह अभियान चलाया जाएगा। जिससे आवारा श्वानों की संख्या नियंत्रित होने के साथ साथ शहर में आवारा श्वान के भय से मुक्त वातावरण तैयार किया जा सके। प्रतिमाह 500 श्वानों का बधियाकरण का लक्ष्य रखा गया है। बधियाकरण में निकाले गये आर्गन को सुरक्षित रखा जायेगा। लक्ष्यपूर्ति के बाद पशु विभाग के विशेषज्ञों के निगरानी में वैज्ञानिक विधि से निष्पादन किया जायेगा।
**ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, लक्ष्मण झा, राणा घोष, योगेन्द्र पाण्डे, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, पार्षद नेहा ध्रुव, पारुल बोथरा, श्यामसुन्दर बघेल, बसंती समरथ, गायत्री बघेल सहित, पशु चिकित्सा विभाग से डॉ केके देव,डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ एनके मांझी, राजीव निगम, राजपाल कसेर, नवीन बोथरा उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ियों में तितली...

अधिक उत्साह 'खिलौना खोजो' गतिविधि में देखने को मिला। छिपे हुए खिलौनों को ढूंढ निकालने की इस चुनौती ने बच्चों को रोमांचित कर दिया और उनकी सफलता पर उनकी खिलखिलाहट ने पूरे परिसर को जीवंत बना दिया।

### ई-रिक्शा खराब, कचरा...

करना पड़ रहा है, यह स्थिति न केवल इन कर्मचारियों के स्वास्थ्य और गरिमा के साथ खिलवाड़ है। घर-घर से कचरा इकट्ठा करके उसे हाथों से खींचते हुए 3 किमी दूर तक महिलाओं को कचरे को एसएलआरएम सेंटर तक ले जाना बेहद चिंताजनक और अमानवीय स्थिति है। यह कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कार्यक्षमता दोनों के लिए हानिकारक है। कर्मचारियों को भारी कचरा गाड़ी खींचने में अत्यधिक शारीरिक श्रम लगाना पड़ता है, जिससे उनकी ऊर्जा का भारी क्षय होता है। बताया जा रहा है कि घरों से कचरा उठाने के लिए खरीदे गए ई-रिक्शा जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते कूड़े में तब्दील हो रहे हैं। उपयोग नहीं होने से ये सभी ई-रिक्शा कबाड़ बनते जा रहे हैं, ई-रिक्शा में बैट्रिया भी गायब हो चुकी है और टायर भी जर्जर होने लगे हैं। गीत के साथ घरों से कचरा उठाने के लिए खरीदे गए ई-रिक्शा जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते कूड़े में तब्दील हो रहे हैं।

### 15 एकड़ परिसर में...

बद्ध है। एसडीएम तोकापाल शंकर सिन्हा, तसीलदार यशोदा केतारप, बीआरसी अजय शर्मा, बीईओ पूनम सलाम, एकलव्य मॉडल रेजीडेंसी स्कूल के प्रिंसिपल मुकेश कुमार साहनी, सालेपाल सीएससी पुरुषोतम बैस, रायकोट सीएससी. धामोधर सिँह ठाकुर, एरेंडवाल सरपंच विश्वनाथ यादव, दूंगनपाल सरपंच प्रेम सिंह भंडारी, तुमपानी सरपंच राजू राम पोड़यामी, सालेपाल सरपंच बांडकू राम बघेल, सालेपाल सचिव रामेश्वर बघेल, तुमपानी सचिव हेमंत बघेल मौजूद थे। संचालन संतोष कुमार कोर्राम ने किया।

### वर-वधू के परिवारों...

अजय जायसवाल, योगेन्द्र पांडे, खेमसिंह देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित किया। बस्तर मुस्लिम डेव्हलपमेंट सोसायटी द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह (इज्तेमाई निकाह) कार्यक्रम में 7 जोड़ों का निकाह मौलाना इस्लाम बक्स ने संपन्न किया, जिसमें ओडिशा, बस्तर, कांकेर, केशकाल, भानपुरी, जगदलपुर के जोड़े शामिल हुए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में फिजूलखर्ची पर रोक लगाना और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की मदद करना है। शादियों में होने वाले भारी खर्च और दिखावे को खत्म कर सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देना। नवदंपत्तियों को सुखद गृहस्थ जीवन की शुरूआत करने के लिए सोसायटी और समाज के दानदाताओं द्वारा बुनियादी गृहस्थी का सामान और उपहार प्रदान किए।

## दंत चिकित्सक डॉ. शिल्पा ने युवाओं को दी दांतों की देखभाल संबंधी जानकारियां

# नि:शुल्क डेंटल चेकअप शिविर में 54 युवाओं ने कराया चेकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा 10 मई 2026 को निःशुल्क डेंटल चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 54 युवक–युवतियों के दांतों, मसूड़ों एवं मुंह से संबंधित समस्याओं की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

- पूर्व सैनिक सेवा परिषद का सराहनीय पहल

शिविर में दंत चिकित्सक डॉ. शिल्पा देवांगन ने युवाओं को दांतों की नियमित देखभाल के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सुबह और रात को भोजन के बाद नियमित ब्रश करना बेहद जरूरी है। मसूड़ों की बीमारियों से बचने के लिए फ्लॉसिंग यानी धागे से सफाई करने की आदत भी अपनानी चाहिए। उन्होंने सही तकनीक से ब्रश करने की जानकारी देते हुए कहा कि ब्रश को मसूड़ों से 45 डिग्री के कोण पर रखकर हल्के हाथों से गोलाकार तरीके से सफाई करनी चाहिए। ज्यादा जोर से ब्रश करने से दांतों के इनेमल को नुकसान पहुंच सकता है।



### मीठे और तंबाकू उत्पादों से बचने की सलाह

डॉ. देवांगन ने युवाओं को खान–पान में सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि कैल्शियम और फास्फोरस युक्त खाद्य पदार्थ जैसे दूध, दही और पनीर दांतों को मजबूत बनाते हैं। वहीं टॉफी, चॉकलेट और कोल्ड ड्रिंक जैसे मीठे एवं अम्लीय पदार्थ दांतों में सड़न पैदा कर सकते हैं, इसलिए इनका सेवन सीमित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भरपूर पानी पीने से मुंह में लार बनती है, जो दांतों में फंसे भोजन के कण और एसिड को साफ करने में मदद करती है। साथ ही जीभ की नियमित सफाई और टंग क्लीनर के उपयोग पर भी जोर दिया गया। डॉ. शिल्पा देवांगन ने धूम्रपान और तंबाकू सेवन को दांतों और मसूड़ों के लिए अत्यंत हानिकारक बताते हुए साल में कम से कम दो बार डेंटिस्ट से जांच कराने की सलाह दी।

### डॉ. देवांगन का किया गया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा तथा सदस्य श्रीकांत तिवारी द्वारा डॉ. शिल्पा देवांगन को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। परिषद की ओर से युवाओं का निःशुल्क डेंटल चेकअप करने और स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया। पूर्व सैनिक सेवा परिषद की यह पहल युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और बेहतर जीवनशैली अपनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम मानी जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## तोकापाल मण्डल में 5 मोर्चा की कार्यकारिणी की घोषणा

**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति से जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने तोकापाल मण्डल में 5 मोर्चा की नई कार्यकारिणी घोषित की है।
महिला मोर्चा अध्यक्ष बसंती कश्यप, उपाध्यक्ष शांति बघेल, भानुमती यादव, महामंत्री पूरनी कश्यप व दशमी कश्यप, मंत्री सरिता भोयर, सुमित्रा कश्यप, कोषाध्यक्ष हेमवती कश्यप, मीडिया प्रभारी प्रभा कश्यप बनायें गये हैं।
पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष गोवर्धन सेठिया, उपाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ठाकुर,शिव ठाकुर, महामंत्री महेन्द्र सिंह ठाकुर व संदीप सिंह ठाकुर, मंत्री भरत पटेल, गोमती सेठिया, कोषाध्यक्ष परमे यादव,सह कोषाध्यक्ष दयाराम पटेल, मीडिया प्रभारी धनो सेठिया नियुक्त हुए हैं।
किसान मोर्चा अध्यक्ष दशरथ बघेल, उपाध्यक्ष भीमा मौर्य,बासु कश्यप, महामंत्री लैखन बघेल व सोनाधर कश्यप, मंत्री सुदर कश्यप, जयराम मौर्य, कोषाध्यक्ष मन्नु कश्यप व मीडिया प्रभारी विनोद कश्यप को बनाया गया है।
अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष विश्वनाथ बघेल, उपाध्यक्ष पीलूराम,बोंडकू राम बघेल, महामंत्री सुकुलधर कश्यप व हेमचंद सोम, मंत्री संतोष कश्यप,प्रेम ठाकुर भण्डारी, कोषाध्यक्ष राजू पोड़यामी व मीडिया प्रभारी किरण कुमार बघेल बने हैं।
अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष सुखलाल कश्यप, उपाध्यक्ष जयमन मौर्य,खगपती, लक्ष्मण बघेल, महामंत्री सुलेश सोढ़ी व कवलसिंह बघेल,मंत्री साधुराम नाग,विरेन्द्र कावड़े,मोहन बघेल, कोषाध्यक्ष सन्तु राम नाग व मीडिया प्रभारी बसंत सोना को बनाया गया है।

## विधायक को मातृ शोक



**जगदलपुर।** चित्रकूट विधायक विनायक गोयल की माता मुठली गोयल का आज निधन हो गया। अंतिम यात्रा गृहग्राम में दोपहर बाद निकली। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग और शहर तथा ग्रामवासी शामिल थे। वह भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

# छिंद के बीजों से तैयार होगी कैफीन मुक्त हर्बल कॉफी

### दो वर्षों के गहन शोध और प्रयोगों का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के नैसर्गिक सौंदर्य और समृद्ध संसाधनों के बीच अब एक नई और सुगंधित क्रांति आकार ले रही है, जिसका श्रेय दंतेवाड़ा जिले के बचेली निवासी युवा उद्यमी विशाल हालदार को जाता है। बीकॉम और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की शिक्षा प्राप्त करने वाले विशाल ने अपनी जड़ों से जुड़े रहने और कुछ नया करने की चाह में छिंद (खजूर की एक स्थानीय प्रजाति) के उन बीजों से हर्बल कॉफी तैयार की है, जिन्हें अब तक बस्तर में पूरी तरह व्यर्थ समझा जाता था। इस अभिनव प्रयोग के पीछे विशाल का उद्देश्य न केवल बेकार पड़े प्राकृतिक संसाधनों का सदुपयोग करना है, बल्कि कॉफी के उन शौकीनों को एक स्वस्थ विकल्प प्रदान करना है जो स्वाद तो चाहते हैं लेकिन कैफीन के दुष्प्रभावों से बचना चाहते हैं। विशाल का यह सफर करीब दो वर्षों के गहन शोध और प्रयोगों का परिणाम है, जिसमें उन्होंने इंटरनेट की मदद और स्थानीय समझ का बखूबी तालमेल बिठाया है। विशाल की इस नवाचार को इनोवेशन महाकुंभ में प्रथम स्थान मिला, जिसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा सम्मानित किया गया।



#### युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित कर रहे

विशाल केवल एक उत्पाद बनाने तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे दंतेवाड़ा जिला प्रशासन के यूथ अप फाउंडेशन के माध्यम से स्थानीय युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि उनके इस आइडिया से बस्तर के ग्रामीणों को रोजगार मिले और गांवों और जंगल से मिलने वाले छिंद के बीजों से उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके। हालांकि यह प्रोजेक्ट अभी भी टेस्टिंग और विकास के दौर में है और इसका आधिकारिक लॉन्च होना बाकी है, लेकिन विशाल के इस अटूट प्रयास ने यह साबित कर दिया है कि यदि दृष्टि स्पष्ट हो तो स्थानीय वेस्ट को भी वैश्विक स्तर के बेस्ट उत्पाद में बदला जा सकता है। आने वाले समय में यह हर्बल कॉफी न केवल बस्तर की पहचान बन सकती है, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक दुनिया के लिए एक अनूठा उपहार भी साबित हो सकती है।

इस हर्बल कॉफी की सबसे प्रभावशाली विशेषता इसका पूरी तरह से कैफीन मुक्त होना है, जबकि इसमें छिंद के प्राकृतिक गुणों के कारण प्रचुर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। विशाल का मानना है कि अधिकांश लोग केवल मानसिक सक्रियता के लिए ही नहीं, बल्कि कॉफी के अनूठे स्वाद और उसकी आदत के कारण इसका सेवन करते हैं, और उनकी यह खोज इसी वर्ग को ध्यान में रखकर की गई है। इस नवाचार को तब बड़ी पहचान मिली जब विशाल ने शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय में आयोजित इनोवेशन महाकुंभ में अपना स्टॉल लगाया। वहां वित्त मंत्री ओपी चौधरी सहित विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों और आम जनता ने इस कॉफी का स्वाद चखा और इसकी खूब सराहना की।

### सुशासन तिहार में विकास कार्यों का भूमिपूजन

# दिव्यांग हितग्राहियों को दिए ट्राई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्राम पंचायत डोडरेपाल में सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र के विकास को नई गति देने वाले विभिन्न निर्माण एवं जनकल्याणकारी कार्यों का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद महेश कश्यप एवं विधायक विनायक गोयल उपस्थित रहे।

शिविर में कुल 15 गांवों के ग्रामीणों के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जहां लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना था।

कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग हितग्राहियों को ट्राई साइकिल वितरित की गई, जिससे उन्हें दैनिक जीवन में सुविधा मिल सके। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधों का वितरण किया गया। पात्र परिवारों को राशन कार्ड भी वितरित किए गए, जिससे उन्हें शासकीय खाद्यान्न योजना का लाभ आसानी से मिल सके। ग्रामीणों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहितकारी बताया।



#### ग्रामीण क्षेत्रों का तेजी से विकास हो रहा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद महेश कश्यप ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सड़क, पुलिया, सामुदायिक भवन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों का तेजी से विकास हो रहा है। शासन की मंशा है कि प्रत्येक ग्रामीण तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जाएं और हर वर्ग को योजनाओं का लाभ मिले।

#### समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा

विधायक विनायक गोयल ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए आगे भी लगातार कार्य करने का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इनमें मावलीभाटा से पटेलपारा डोडरेपाल तक 3.42 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य के लिए 342.97 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। वहीं डिलमिली से पटेलपारा डिलमिली तक 3.35 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य के लिए 380.22 लाख रुपए की लागत से कार्य कराया जाएगा। इन सड़क निर्माण कार्यों से ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई दिशा प्राप्त होगी।

इसके अलावा आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य के अंतर्गत माहरा पारा नरसु घर एवं खोदरा गुड़ा में 1.5 मीटर के दो पुलों के निर्माण हेतु 7.00 लाख रुपए की लागत स्वीकृत की गई है। बस्तर विकास प्राधिकरण के अंतर्गत दंतेश्वरी मंदिर के पास 2 मीटर स्पाम पुलिया निर्माण कार्य के लिए 6.00 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं विधायक निधि से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 5.00 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इन सभी विकास कार्यों की कुल लागत 741.19 लाख रुपए है, जिनका भूमिपूजन जनप्रतिनिधियों के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जिला पंचायत सदस्य सम्पत्ति नाग, जनपद अध्यक्ष मानकदेई कश्यप, उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप, रितेश दास जोशी, मण्डल अध्यक्ष देवीप्रसाद वेंजाम, अनंतराम कश्यप, महादेव नाग, लच्छिन यादव, दुर्जन सिंह कश्यप, रमेश मण्डावी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# गांव में स्वास्थ्य शिविर ग्रामीणों की हुई जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान के तहत गीदम ब्लॉक के अंदरूनी गांव जामपदर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मडसे और गीदम स्वास्थ्य टीम ने संयुक्त रूप से लगाए गए इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में सभी ग्रामीणों की व्यापक स्क्रीनिंग की गई। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, ब्रेस्ट कैंसर, मलेरिया, सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, हीमोग्लोबिन स्तर और अन्य आवश्यक परीक्षण भी किए गए। जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को मौके पर ही निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं और इलाज उपलब्ध कराया गया। सेक्टर प्रभारी डॉक्टर अतीक अंसारी ने उपस्थित ग्रामीणों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य बस्तर के दूरस्थ और पहुंचविहीन गांवों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, साफ-सफाई रखने और शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। डॉ. अंसारी ने सिकल सेल और मलेरिया जैसी बीमारियों के लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में विस्तार से समझाया। गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव और पोषण के लिए जागरूक किया गया। इस अभियान को सफल बनाने में सेक्टर सुपरवाइजर सरिता बाचेला, आरएचओ अंजू, गीता, सीएचओ श्रद्धा, आरएचओ पुरुष नीलेश एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चंदा का विशेष सहयोग रहा। पूरी टीम ने दुर्गम रास्तों के बावजूद गांव तक पहुंचकर सेवाएं दीं।

- **जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां वितरित**

# सुशासन तिहार शिविर में दिखी संवेदनशील प्रशासन की झलक, गोद भराई की रस्म हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नगरपालिका परिसर में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं हितग्राहियों को जागरूक करने के उद्देश्य से आकर्षक स्टॉल लगाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठाया।

- **अन्नप्राशन और बाल विवाह मुक्त बीजापुर का सामूहिक संकल्प बना आकर्षण का केंद्र**



महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में गर्भवती माताओं की पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गोद भराई की गई तथा नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया। इस दौरान माताओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और देखभाल से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम का वातावरण पारिवारिक एवं उत्साहपूर्ण बना रहा।

शिविर में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे पोषण अभियान, सुपोषण कार्यक्रम, मातृत्व सहायता योजनाएं तथा किशोरी बालिकाओं से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी नागरिकों को प्रदान की गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बाल विवाह मुक्त बीजापुर अभियान रहा। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने का सामूहिक संकल्प लिया। सभी ने यह प्रण किया कि जिले में बाल विवाह रोकने के लिए जागरूकता फैलाने के साथ-साथ समाज को शिक्षित एवं संवेदनशील बनाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि बाल विवाह न केवल बच्चों के भविष्य को प्रभावित करता है, बल्कि उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसलिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता से ही बीजापुर को बाल विवाह मुक्त बनाया जा सकता है। सुशासन तिहार शिविर के माध्यम से प्रशासन द्वारा जनसमस्याओं के निराकरण के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास सराहनीय रहा।

# आपसी सुलह एवं त्वरित न्याय का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 2026 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा सहित सुकमा, बीजापुर एवं बचेली के न्यायालयों तथा तीनों राजस्व जिलों दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के राजस्व न्यायालयों में एक साथ किया गया।

- **नेशनल लोक अदालत का आयोजन**



नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा के करकमलों द्वारा वर्चुअल माध्यम से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के न्यायाधीशगण भी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। मुख्य न्यायाधिपति ने समस्त पीठासीन अधिकारियों, न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, पक्षकारों एवं कर्मचारियों में उत्साह का संचार करते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रोत्साहित किया तथा शुभकामनाएं दीं।

मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा ने कहा कि लोक अदालत केवल न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के बोझ को कम करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज में आपसी सुलह, सौहार्द एवं न्याय की भावना को स्थापित करने का एक सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से पक्षकार आपसी सहमति से विवादों का समाधान कर समय एवं धन दोनों की बचत कर सकते हैं।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि नेशनल लोक अदालत में निराकृत प्रकरणों में किसी भी पक्षकार की हार नहीं होती, बल्कि दोनों पक्षों के बीच प्रेम, सद्भाव एवं आपसी विश्वास बना रहता है तथा वैमनस्यता एवं शत्रुता समाप्त होती है। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की।

इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा पक्षकारों को पौधे भी वितरित किए गए तथा लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया, जिससे पक्षकारों में संतोष एवं प्रसन्नता देखी गई।

## कृत्रिम हाथ-पैर के साथ व्हीलचेयर एवं ट्राई साइकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रोटरी क्लब एवं महावीर विकलांग सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सक्षम कृत्रिम हाथ एवं पैर शिविर का आयोजन किया गया। यह विशेष शिविर नक्सल प्रभावित पीड़ितों एवं दिव्यांगजनों के लिए किया गया। जिसमें बीजापुर, सुकमा एवं कोंडागांव जिलों से लोग पहुंचे। शिविर में जरूरतमंदों को कृत्रिम हाथ एवं पैर के साथ-साथ व्हीलचेयर एवं ट्राई साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक पी. सुंदरराज, कलेक्टर आकाश छिकारा, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, पुलिस उप महानिरीक्षक अरुण कुमार, एवं एएसपी महेश्वर नाग उपस्थित रहे। रोटरी क्लब से अध्यक्ष राहुल जैन, सचिव अमरदीप सोढ़ी, कार्यक्रम चेयरमैन गौतम पारख, किशोर पारख, अर्चना जैन, राहुल मोदी, नितेश चौहान, नवीन भावसार, सौरभ अरोरा, निखिल दीवान एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। यह जानकारी रोटरी क्लब चेयरमैन संग्राम सिंह राणा ने दी।




## किसान यूनियन की बैठक 11 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ किसान यूनियन की बैठक सोमवार 11 मई को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट गार्डन में आयोजित की जाएगी। यूनियन के घनाराम साहू ने बताया कि बैठक में किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। विशेष रूप से खाद-बीज की उपलब्धता, सोसाइटियों में खाद की कमी तथा कालाबाजारी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। बैठक के बाद किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं किसान मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग की जाएगी। सुदर्शन ठाकुर, रामनिहोरा निषाद ने किसानों से बैठक में अपनी समस्याएं रखने की अपील की है।

# रेडक्रॉस दिवस पर लगा स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

ग्राम मुरकुची में बुधवार को सुशासन तिहार के तहत भव्य स्वास्थ्य एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीणों के घर तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

शिविर में मेडिकल कॉलेज डिमरापाल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रुति मंगरुलकर ने उपस्थित होकर ग्रामीण महिलाओं की कैंसर स्क्रीनिंग की और स्वास्थ्य परामर्श दिया। कलेक्टर आकाश छिकारा ने ग्रामीणों के बीच बैठकर आत्मीय चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान की जमीनी हकीकत परखते हुए ग्रामीणों से पूछा कि स्वास्थ्य विभाग का सर्वे दल उनके घर तक पहुंच रहा है या नहीं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सेवा का उद्देश्य केवल कागजी न होकर आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना होना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों की मुख्यालय में नियमित उपस्थिति का फीडबैक भी लिया। शिविर में कुल 247 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क उपचार दिया गया। आधुनिक तकनीक से 47 लोगों का हैंड-हेल्ड पोर्टल मशीन से चेस्ट एक्स-रे किया गया। इस दौरान 10 आयुष्मान कार्ड, 27 चश्मे, सिकल सेल कार्ड व पोषण हेतु फूड बास्केट का वितरण भी किया गया।






**कार्यालय तहसीलदार नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग.)**

**-: ज्ञापन :-**

क्रमांक /1173 / तह. / प्र-1 / 2025
नारायणपुर दिनांक 28.04.2026

प्रति,
हल्का पटवारी
प.ह.नं. 17 नारायणपुर

**विषयः**- जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने विषयक।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदिका कोसी बाई पति स्व. भविन्द्र सिंह, जाति घडवा, निवासी डीएनके कॉलोनी कोण्डागांव, तहसील व जिला कोण्डागांव ने आवेदन प्रस्तुत किया है कि उनके नाम पर ग्राम नारायणपुर, पटवारी हल्का नंबर 17 नारायणपुर में भूमि खसरा क्रमांक 1016/2 रकबा 0.020 हेक्टेयर भूमि दर्ज है, उक्त भूमि वर्ष 1966-67 में शासन द्वारा व्यवस्थापन से प्राप्त हुआ है, वृद्धावस्था में रहने तथा स्वास्थ्य खराब होने के कारण ईलाज होते रूपयों की आवश्यकता होने के कारण उक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा प्रस्तावित क्रेता जवरीलाल जैन पिता केवलचन्द जैन, जाति जैन के साथ तय किया गया है, अतः विक्रय अनुमति प्रदाय किया जावे, जिसकी सुनवाई दिनांक 14.05.2026 को इस न्यायालय में नियत है।

अतः उक्त संबंध में जांच कर जांच प्रतिवेदन प्रकरण की सुनवाई तिथि के पूर्व उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**तहसीलदार
नारायणपुर**

## खबर संक्षेप

### किसान यूनियन की बैठक 11 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ किसान यूनियन की बैठक सोमवार 11 मई को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट गार्डन में आयोजित की जाएगी। यूनियन के घनाराम साहू ने बताया कि बैठक में किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। विशेष रूप से खाद-बीज की उपलब्धता, सोसाइटियों में खाद की कमी तथा कालाबाजारी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। बैठक के बाद किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं किसान मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग की जाएगी। सुदर्शन ठाकुर, रामनिहोरा निषाद ने किसानों से बैठक में अपनी समस्याएं रखने की अपील की है।

### उप निर्वाचन क्षेत्रों में सम्पत्ति विरूपण नियम प्रभावशील

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के तहत जिले के चारों जनपद पंचायतों के सदस्यों (पंच, सरपंच) के लिए उप निर्वाचन होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन अबिनाश मिश्रा ने आदेश जारी कर बताया कि जहां-जहां उप निर्वाचन होना है, के संबंधित वार्डों में संपत्ति विरूपण नियम प्रभावशील हो गया है।

### 32 लाख के स्टेडियम में घास और झाड़ियां, मेंटनेंस नहीं

# जामावाड़ा के खेल स्टेडियम की हालत खस्ता







## क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और अफसरों को युवा खेल प्रतिभाओं की चिंता नहीं

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

ग्राउंड रिपोर्ट

गांव के युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने और उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत कई गांव में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया गया है जो आज बदहाली के हालत में अनुपयोगी साबित हो रहे है। जिला मुख्यालय से महज 20 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम जामावाड़ा में 2019-20 में स्वीकृत मिनी स्टेडियम की लागत 31.61 लाख थी। आज की स्थिति में यहां किसी तरह का कोई भी खेल गतिविधियां का संचालन नहीं होने से दर्शक दीर्घा समेत सभी तरह का निर्माण जर्जर होने लगा है। वहीं पूरे मैदान में घास ओर झाड़ियां उग आयी है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के द्वारा बनाए गए मिनी स्टेडियम को ठेकेदार रूबी कंस्ट्रक्शन ने पूरा किया था। पट्टिका में निर्माण की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2023 है। इस तरह 3 साल भी निर्माण के पूरे नहीं हुए हैं लेकिन लाखों की बर्बादी का प्रमाण मौके पर दिखाई पड़ रहा है।

हरिभूमि ने शनिवार को जामावाड़ा के मिनी स्टेडियम का जायजा लिया। मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित मिनी स्टेडियम के लिए स्थल का चयन गांव से बाहर सही जगह पर किया गया है लेकिन इसके रख रखाव और खेल गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने के प्रयास नहीं होने से यह महत्वाकांक्षी योजना यहां फेल हो गई है। गांव के जनप्रतिनिधि और खेल में रूचि रखने वाले युवाओं का लगाव भी इस मैदान के प्रति नहीं दिख रही है। यही कारण है कि 2 साल में ही लाखों का मिनी स्टेडियम बदहाली के स्तर तक पहुंच गया है।







### बस्तर की प्रतिभाओं को ओलंपिक तक ले जाने की पहल पर सवाल

प्रदेश सरकार और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर ओलंपिक और खेल पंडुम जैसे आयोजन कर बस्तर की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का दावा कर रहे है। लेकिन बस्तर जिले के ही कई बड़े गांव में बने स्टेडियम का हाल पूरी तरह खस्ता है। ऐसे में गांव के युवाओं को खेल गतिविधियों में आगे ले जाना बेमानी साबित हो रहा है।




### दुरूस्त करने का करेंगे प्रयास

गांव के युवाओं के लिए स्टेडियम का निर्माण सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल है। ऐसे में मिनी स्टेडियम निर्माण में 32 लाख खर्च करने के बाद भी बदहाल होना उचित नहीं है। इस संबंध में ग्राम पंचायत और अधिकारियों से चर्चा कर इसे दुरूस्त करने का प्रयास किया जाएगा।

**पदलाम नाग**
अध्यक्ष जनपद पंचायत जगदलपुर

## भाजपा नानगुर मंडल के 5 मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- प्रदेश अध्यक्ष की अनुमति से जिला अध्यक्ष ने की नियुक्ति

प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति से जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने 5 मोर्चा महिला, किसान, पिछड़ा वर्ग, अजजा व अजा मोर्चा की कार्यकारिणी की घोषणा की है।

महिला मोर्चा अध्यक्ष करूणा कश्यप, उपाध्यक्ष बसंती बघेल, बालो नाग,बालमती ठाकुर , महामंत्री संध्या नाग व शकुंतला बघेल, मंत्री श्यामबती मण्डावी, गीता भारती, मीना नाग, कोषाध्यक्ष बालमती बघेल,सह कोषाध्यक्ष फूलमनी नाग और मीडिया प्रभारी बुटकी कश्यप को बनाया गया है।

किसान मोर्चा अध्यक्ष हरिशंकर कश्यप, उपाध्यक्ष नरेन्द्र बघेल, देवी सिंह ठाकुर, सावित्री ठाकुर, महामंत्री मनोज बघेल व धनसाय भारती, मंत्री मनदेव बघेल, सुन्दर ठाकुर, भूमिका ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुकलधर बघेल,सह कोषाध्यक्ष चंचला सेठिया, मीडिया प्रभारी खेमराज बघेल,सह मीडिया प्रभारी सोनाधर नाग, सोशल मीडिया प्रभारी अर्जुन नाग व कार्यालय प्रभारी रामसाय बनायें गये हैं।

पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष राजेश सेठिया, उपाध्यक्ष प्रहलाद निषाद,हरेश सेठिया, हेमेश्वरी ठाकुर, महामंत्री हालेन्द्र ठाकुर व अमोरनाथ यादव, कोषाध्यक्ष अभिमन्यु सिन्हा,सह कोषाध्यक्ष भोलाराम ठाकुर, मंत्री कुरसो ठाकुर,नीतू सेठिया, लक्ष्मीकांत सेठिया, मीडिया प्रभारी विनोद सेठिया,सह मीडिया प्रभारी हरेन्द्र ठाकुर व कार्यालय प्रभारी संतोष वर्मा को बनाया गया है।

अजजा मोर्चा अध्यक्ष मानसाय बघेल, उपाध्यक्ष बुटीराम कश्यप, जितेन्द्र बघेल,लखमु नागेश, महामंत्री राजू पोयाम व अजमन नाग, मंत्री बुरन्दू कश्यप,लिंगदास कश्यप, सोमदास नाग, कोषाध्यक्ष श्यामबती बघेल, सह कोषाध्यक्ष तुलाराम नाग, मीडिया प्रभारी विनोद मौर्य, सह मीडिया प्रभारी बलीराम नाग को बनाया गया है।

अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष रोहित पंत, उपाध्यक्ष कनकसाय,शिवराम नाग, सुनीता गौतम, महामंत्री गोपाल कश्यप व आकाश कश्यप, मंत्री पतिराम, लक्ष्मण बेसरा, नवीन नागेश, कोषाध्यक्ष रमेश कश्यप,सह कोषाध्यक्ष ललित नाग, मीडिया प्रभारी पुरूषोत्तम व सह मीडिया प्रभारी पीलाराम बनाये गये हैं।

# कफन दफन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**खास बातें**

- बस्तर की रूढ़िगत परंपराओं से खिलवाड़ न करे ईसाई समाज : सिकंदर
- बिना सहमति के किसी भी भूमि पर कफन दफन उचित नहीं : घनश्याम
- ग्राम पंचायत भानपुरी करंदोला का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत भानपुरी करंदोला में एक ईसाई मतांतरित महिला के निधन के बाद कफन दफन को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। जानकारी के अनुसार ईसाई समुदाय के कुछ लोग वन विभाग की फेंसिंग युक्त भूमि पर लगे तार एवं पोल को हटाकर वहां अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे।

ग्रामीणों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली वे मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने देखा कि उक्त स्थल पर ईसाई रीति रिवाज से अंतिम संस्कार के लिए गड्ढा खोदा गया था। ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए अपनी भूमि देने से इंकार कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया। विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकतार्ओं तथा ग्रामीणों के विरोध के बाद शव को करकापाल कब्रिस्तान भेजा गया।

बजरंग दल संयोजक सिकंदर कश्यप ने कहा कि यह पहली घटना नहीं है। बस्तर क्षेत्र में पूर्व में भी इस प्रकार की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि बजरंग दल संविधान के अनुरूप कार्य करता है तथा बस्तर पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में आता है जहां पेसा कानून लागू है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईसाई मिशनरियों द्वारा गांवों का माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सरकार द्वारा आबंटित कब्रिस्तान भूमि पर ही कफन दफन किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस प्रकार की घटनाएं लगातार होती रही तो सनातनी समाज एवं बजरंग दल इसका विरोध करेगा।

विहिप जिला सह मंत्री घनश्याम नाग ने कहा कि बस्तर की परंपरा, सामाजिक समरसता एवं ग्राम व्यवस्था का सम्मान सभी समाजों को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना ग्राम सहमति एवं नियमों के विरुद्ध किसी भी भूमि पर कफन दफन करना उचित नहीं है। प्रशासन को ऐसे मामलों में स्पष्ट एवं सख्त कार्रवाई करनी चाहिए ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो और क्षेत्र की शांति एवं सौहार्द बना रहे।

इस दौरान विहिप विभाग सेवा प्रमुख अनिल अग्रवाल, सह संयोजक योगेश रैली, रामप्रसाद मौर्य, कमलेश दीवान, प्रखंड उपाध्यक्ष महेंद्र देवांगन, जिला संयोजिका आस्था गुप्ता, प्रखंड संयोजक छबील ठाकुर, जागेश्वर कश्यप, नगर अध्यक्ष प्रतीक गुरु, पूर्व जिला संयोजक नरेश कोरी, नगर मंत्री शिवा नाग, सह मंत्री भवानी सिंह, नगर संयोजक जगदीश ठाकुर, गौ रक्षा प्रमुख देव यादव, सह गौ रक्षा प्रमुख शत्रुघ्न कश्यप, पवन नामदेव, ओमप्रकाश कश्यप, अशोक ताम्रकार, रोहित साहू, हेमराज कश्यप, नरेंद्र राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कई महीनों बाद भी नहीं मिल रहा है पेंशन

पेंशनर संघ कर रहा धरना प्रदर्शन की तैयारी

## सेवानिवृत्ति के पहले प्राचार्य पद पर पदोन्नति बनी व्याख्याताओं के लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सेवानिवृत्ति के कई महीनों के बाद भी सेवा निवृत्त प्राचार्यों को पेंशन नहीं मिल रहा है। जिस दिन सेवानिवृत्त हो रहा है उसी दिन शासन की ओर से देय पेंशनर के समस्त सत्वों का भुगतान सुनिश्चित करने के साथ पेंशन अदायगी आदेश भी दिया जाना चाहिए। किंतु विडंबना है शासन के इस आदेश का पालन नहीं हो रहा है। 15 दिवस के भीतर सेवा निवृत्त प्राचार्यों को पेंशन अदायगी आदेश जारी नहीं हुआ तो पेंशनर्स महासंघ धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। यह बातें भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष राम नारायण ताटी ने प्रेस विज्ञप्ति में कही है।

उन्होंने कहा प्रभाकर राज शर्मा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शाउमा विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य के पद पर पदस्थ थे । 29 अगस्त को प्राचार्य पद पर पदोन्नत किए गए । 30 अगस्त को प्राचार्य पद सम्हाला और





30 सितंबर को सेवानिवृत्त हो गए।

शासन के नियमानुसार प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त होने के कारण इनका एनओसी प्रमाणपत्र शासन स्तर से जारी होना है । किंतु कई बार पत्राचार के बावजूद आज तक नहीं किया गया। जिसके कारण संयुक्त संचालक कोष लेखा जगदलपुर से इनका पीपीओ जारी नहीं हो सका ।

इसी तरह का एक मामला कविता बिजौलिया जो जो शाउमा विद्यालय हाटकचौरा जगदलपुर में प्राचार्य पद पर पदोन्नति के बाद 30 अगस्त से पदस्थ थी। नवंबर 2025 को सेवा निवृत्त हो गई । इनका प्रकरण भी शासन स्तर पर लंबित है। उन्होंने कहा जो लोग रायपुर जाकर संपर्क कर रहे हैं उनके प्रकरण का निराकरण त्वरित किया जा रहा है। यदि ऐसा नहीं तो जो जनवरी में सेवा निवृत्त हुए प्रकरण का निराकरण पहले कैसे हो गया। इस मामले में संघ ने संपर्क कर बात करने का प्रयास किया किंतु संचालक लोक शिक्षण में बैठी एक महिला कर्मचारी अनिता दुबे ने गलती स्वीकारना छोड़ संघ के प्रतिनिधियों से बदतमीजी से बात की। संघ ने ऐसी महिला कर्मचारी के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की मांग की है।

### इन्होंने की है मांग

मांग करने वालों में आर एन ताटी, किशोर कुमार जाधव, अब्दुल सत्तार खान, शिव कुमार मिश्रा, रमापति दुबे, एल एस नाग, पीएस ठाकुर, बीएस नेताम, अनिता राज, करमजीत कौर, सुकरी बघेल, जयमनी ठाकुर, कविता बिजौलिया, के बेलसरिया रैमन दास झाड़ी, मो अय्यूब खान, प्रभाकर शर्मा, रूप कुमार झाड़ी, मो कासिम, कासिमुद्दीन खान एवं सुरेश कुमार दलाई शामिल हैं ।

## स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर नागरिकों की सहभागिता से ही संभव : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- महापौर ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

नगर निगम ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत स्वच्छता महा अभियान के तहत व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महाराणा प्रताप वार्ड के डोंगरी सेंटर में किया। कार्यक्रम के दौरान आमजन को स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता शपथ दिलाकर शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया।




इस अवसर पर लोगों को 4 प्रकार से कचरे का पृथक्करण करने हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया गया, जिसमें गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू हानिकारक कचरा एवं सैनिटरी वेस्ट को अलग-अलग रखने की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि कचरे का सही पृथक्करण स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

महापौर संजय पांडेय ने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर का निर्माण केवल शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही संभव है। उन्होंने नागरिकों से घर-घर में कचरा पृथक्करण अपनाने एवं स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। नगर निगम द्वारा पूर्व से ही स्वच्छता के प्रति लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। शहर में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, स्वच्छता रैलियां, जनसंपर्क अभियान एवं नागरिकों को कचरा पृथक्करण के प्रति जागरूक करने जैसी गतिविधियां निरंतर संचालित की जा रही हैं। स्वच्छता महाअभियान इसी दिशा में शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में और अधिक सशक्त बनाने की महत्वपूर्ण पहल है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, लक्ष्मण झा, राणा घोष, योगेन्द्र पाण्डे, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, पार्षद नेहा ध्रुव, पारुल बोथरा, श्यामसुन्दर बघेल, बसंती समरथ, गायत्री बघेल, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, हेमन्त श्रीवास, अजय बनिक, पशु चिकित्सा विभाग से डॉ केके देव, डॉ. गीतिका ध्रुव, डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ एनके मांझी, स्ट्रे सेफ फाउंडेशन से लुप्तेश जगत, राजीव निगम, राजपाल कसेर, नवीन बोथरा उपस्थित रहे।

### कॉन्टिनेंटल सुपर स्पेशियेलिटी में हुआ मस्तिष्क में टीबी के संक्रमण का सफल इलाज

# सेरिब्रल टीबी के मरीज को सीसीएसएच में मिला जीवनदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सेरिब्रल टीबी के एक मामले में बेहतर उपचार और मरीज के स्वस्थ होने की सफलता कॉन्टिनेंटल छत्तीसगढ़ सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल को मिली है। बताया जाता है कि मरीज बीते लगभग 2 महीनों से टीबी से पीड़ित था। इसके बाद उसे अचानक तेज सिरदर्द की शिकायत हुई, जब वह कॉन्टिनेंटल सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल पहुंचा तो जांच में पता चला कि उसके मस्तिष्क में ट्यूबरकुलर एब्सेस हो गया है। डॉक्टरों ने फौरन मरीज का ऑपरेशन किया और उसे राहत दी। सेरिब्रल टीबी के मामले में बस्तर संभाग में पहला मामला है, जिसे कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक ठीक कर दिया है। फिलहाल मरीज को टीबी की दवाओं का पूरा कोर्स करने की सलाह दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओडिशा के कोसागुमड़ा के जोबागुड़ा का निवासी 33 वर्षीय गोपाल भतरा दो महीनों से फेफड़ों की टीबी से पीड़ित था, एक महीने पहले अचानक उसे तेज सिरदर्द की शिकायत शुरू हो गई। गोपाल के परिजन उसे तेज सिरदर्द के चलते कॉन्टिनेंटल सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल लेकर आए, यहां न्यूरोसर्जन डॉ. पवन बृज ने उनका सीटी स्कैन करवाया। सीटी स्कैन में पता चला कि उसके मस्तिष्क के दाहिनी तरफ टीबी का संक्रमण फैल चुका है और इसी संक्रमण के कारण मस्तिष्क में दाहिनी तरफ ही एक बड़ी गठान बन चुकी है। कॉन्टिनेंटल छत्तीसगढ़ सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जन ने उसकी हालत देख तत्काल ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि गठान का आकार लगभग 6.5 गुणा 5.5 सेंटीमीटर और उसकी मोटाई करीब 3.3 मिलीमीटर तक है। इस बड़ी गठान के कारण मरीज की जान तक जा सकती थी, इसलिए उसे तत्काल निकाला जाना बेहद जरूरी था।

### मस्तिष्क से निकाला गठान

डॉक्टर के अनुसार लगभग 2 घंटे तक चले ऑपरेशन के दौरान कॉन्टिनेंटल छत्तीसगढ़ सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जन डॉ. बृज ने पहले इस गठान के अंदर भरे 35 मिलीलीटर से ज्यादा मवाद निकाला, इसके बाद उन्होंने पूरी गठान को उसके मस्तिष्क से निकाल दिया। अब मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो चुका है और कॉन्टिनेंटल सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जन ने उसे टीबी की दवा का कोर्स पूरा करने की सलाह दी है।



### दिमागी समस्या की अनदेखी नहीं करें

कॉन्टिनेंटल सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जन डॉ. पवन बृज ने बताया कि टीबी की शिकायत होने पर अनिवार्य रूप से नियमित तौर पर इसकी दवाएं लेनी चाहिए। ऐसा नहीं होने पर कई तरह की समस्या पैदा हो सकती है। इसके साथ ही उन्होंने मस्तिष्क या दिमागी संबंधी किसी भी समस्या की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए।

